सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 03 जनवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में देवभूमि विश्वविद्यालय, देहरादून के होटल मैनेजमेंट विभाग के डीन श्री चंद्रमौली ढौंडियाल एवं अन्य शिक्षकगणों ने भेंट कर अपनी पुस्तक ''मिलेट मील्स'' भेंट की। पुस्तक मिलेट मील्स में श्रीअन्न से तैयार की गई अनूठे व्यंजनों की विधियां संकलित हैं। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य पारंपरिक अनाज श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

राज्यपाल ने श्री ढौंडियाल एवं उनके साथियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न ना केवल स्वास्थ्य के लाभदायक है, बल्कि जलवायु अनुकूल फसलों को बढ़ावा देने के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम श्रीअन्न के महत्व को जन–जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इस प्रतिनिधि मंडल ने मिलेट आधारित व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं को आयोजित करने के विषय में भी चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में श्री ढौंडियाल अतिरिक्त देवभूमि विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग के श्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट, श्री सिद्धी विनायक एवं श्री शुभम मौजूद रहे।

............0............